# Municipal Council, Pali

# Newsletter September 2017

## Address

Near Suraj Pole Chaurha, Town Hall, Pali-306401 (Rajasthan) India.

## Email

cmcpali@yahoo.co.in

## Contact-No.

02932-221301

# Local Self Government Rajasthan

The Department of local self Government, Rajasthan is the controlling Department of all municipalities for all administrative purposes. It also performs monitoring and co-ordination function at the state level for all the 188 municipal bodies of the state.

# Functions of Department of Local Self Government Rajasthan

•Appointment of OICs/Advocate in Court Cases, vetting of reply, opinion on judgment, decision for appeal or no appeal, scrutiny of Bye-Laws and Rules and Amendments in Acts and Rules.
•Approval of Budget of ULBs and released of funds regarding Special Grant, General Grant, SFC, TFC, Grant (in Lieu of Octroi) and State/Centrally Sponsored Schemes/Programme.
•Disposal of matters related to transfer, establishment, DPCs related to officers
•and staff of ULBs, DDR offices and Directorate.
•Extension and Exclusion of Municipal boundary, Election of Municipal Boards.
•Implementation of HRD Plan for elected representatives, and officials of ULBs.
•Implementation of Poverty Alleviation and social responsibilities Programmes.
•Issuance of Financial, Administrative and Technical Sanctions which are not in the Jurisdiction of the elected board.
•Preparation of Annual Plan/District Plan/Action Plan/DPRs related to various GoI/GoR schemes/Programmes.

# Various Schemes

## AMRUT – (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation)

- Urban Infrastructure Development of 29 Towns > 1.0 lac population.
- Total Estimated Project cost Rs 4500 cr (50% GoI, 30% GoR, 20% ULB)
- Components to be covered - Water supply, Sewerage network, Septage management, Storm water drainage, Urban Transport, Green spaces and parks.



## HRIDAY-Heritage Cities Infrastructure Development & Augmentation

- Ajmer – Pushkar nominated under HRIDAY– 100% grant by GoI.
- City HRIDAY Plan for Rs 48.00 cr. approved by MoUD, GoI.




## National Urban Livelihood Mission (NULM)

- Focus on Skill Training & Placement and Capacity Building / Self Employment.
- Major components- Shelter for Urban Homeless, Support to Urban Street Vendors.

National Urban Livelihoods Mission

SHAPING THE FUTURE

शहर में 200 प्री फैब्रिकेट्ड टॉयलेट लगेगें। शहर के विभिन्न स्थानों को खुले से शौच मुक्त करने की दिशा में उन सभी क्षेत्र की आबादी व आवश्यकता को देखते हुए निश्चित संख्या में ऐसे शौचालय लगवाये जायेगें। इसमें दो टॉयलेट के साथ एक बॉयोडाईजैस्ट लगाये जायेगें।

नगर परिषद् सभापति महेन्द्र बोहरा ने बताया कि शहर के चिन्हित ऐसे 22 खुले में शौच के स्थान आवश्यकतानुसार प्री फैब्रिकेट्ड शौचालय लगाये जायेगें।

प्रत्येक दो शौचालय में सॉलिड वैस्ट के डिस्पोजल हेतु बायो डाईजेस्ट भी लगाये जायेगें तथा प्रत्येक शौचालय के ऊपर 300 लीटर पानी की फाईबर की टंकी भी स्थापित होगी। प्रत्येक शौचालय के दरवाजे पर स्वच्छता का संदेश देने वाले स्लोगन व पेन्टिग भी होगी। इन शौचालयों के संचालन से शहर के प्रत्येक वार्ड में शौच हेतु पर्याप्त व्यवस्था हो जायेगी। तथा शहर खुले में शौच की दिशा में दृढतापूर्वक सफलता के पायदान पर पंहुचेगा।

**लागतः** प्री फैब्रिकेट्ड शौचालय की कीमत 52 हजार रूपये होगी, तथा दो शौचालय के बीच में लगने वाले एक बायो डायजेस्ट की कीमत 48 हजार रूपये होगी।

राजस्थान दिसम्बर, 2017 तक खुले में शौच मुक्त करना है इसी दिशा में पाली को हम 15 नवम्बर से पहले खुले शौच मुक्त करने के लिए प्रयायरत है, जिसके लिए कार्ययोजना भी बना दी गई है। इस संदर्भ में पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, शहर के गणमान्य नागरिकों, जिलाधिकारियों, परिषद् के अधिकारियों/कार्मिकों का भी सहयोग लिया जायेगा।



स्वच्छ भारत मिशन की तीसरी वर्षगाठ के उपलक्ष में स्वच्छता का सन्देश देने वाले रथ को शनिवार विधायक ज्ञानचंद पारख, सभापति महेन्द्र बोहरा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रथ शहर के प्रमुख मार्गो आवासीय बस्तियों में जाकर आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान, स्वच्छता के लिए त्वरित जन आन्दोलन, क्लीन इण्डिया, क्लीन पाली का सन्देशो से सजे रथ को विधायक पारख, सभापति बोहरा ने रवाना करते समय उपस्थित पार्षदों, स्वच्छाग्रही, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, परिषद् अधिकारियों को 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक मनाये जाने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रियता से भाग लेकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया। रथ को रवाना करते समय भारी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित था। रथ स्वच्छता का सन्देश सजे होर्डिंग एवं माईक के माध्यम से प्रचार कर शहरभर में देने की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की।

स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग मंत्री श्रीचंद कृपलानी के 02 अक्टूम्बर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा बनाये जाने की जानकारी देते हुए उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अब पूरे राजस्थान के मंत्री भी स्वच्छता अभियान को सफल बनाने सक्रियता से जुटे हुए इसमें हमारी भी जनभागीदारी भी आवश्यक है।

इस सन्दर्भ में नगर परिषद् के सहायक अभियंता एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुखराम चौधरी को प्रभारी अधिकारी व मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी लोकेश जैन को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान के तहत स्थानीय निकाय स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।



सभापति महेन्द्र बोहरा ने आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग, जयपुर से आई टीम के अधिकारियो के साथ शहर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मुआयना करवाया और उसमें क्षतिग्रस्त हुई सड़के, टूट चुके कौजवे (रपटें), बाड़ी नदी रपट, मण्डिया रोड़ टूटा हुआ पुलिया का निरीक्षण करवाया। साथ ही नया गांव सांसी बस्ती एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मकानों को हुए नुकसान का अवलोकन करवाया और शीघ्र अनुदान राशि दिलवाने की मांग रखी।

सभापति बोहरा ने कहा कि अतिवृष्टि से शहर को एवं शहर के वाशिंदों को भारी नुकसान हुआ है और सरकार इसमें आगे बढकर उनकों मुआवजा दिलवाये। साथ ही सभापति बोहरा ने यह भी मांग रखी कि अतिवृष्टि के कारण जिन घरों में पानी भरा है तथा उनमें रहने वालों के कपड़े एवं बर्तन भी पानी में बह गये, इसकी क्षतिपूर्ति की इस मद में जोड़े ताकि बाढ पीड़ितो राहत को राहत मिले।

इस मौके आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग के वित्तिय सलाहकार विश्वजीत सिंह पुरावत, लेखा अधिकारी लक्ष्मी नारायण लावड़िया, निजी सचिव दिनेश सारोनिया, एसडीएम सुमित्रा पारीक, आर आई दिलीप सिंह, नगर परिषद् आयुक्त इन्द्रसिंह राठौड़, अधिशाषी अभियंता के पी व्यास, सहायक अभियंता सुखराम चौधरी, भवन अनुज्ञा एवं संकर्म समिति अध्यक्ष सुरेश चौधरी, पार्षद अशोक बंजारा, समिति सदस्य रामकिशोर साबू आदि उपस्थित रहे।



दीनदयाल अन्तोदय  योजना –राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के आश्रय स्थल योजना के तहत् स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा अपना घर आश्रय स्थल के प्रथम तल पर नव निर्माण हेतु पाली नगर परिषद् अपना घर 500 मीटर वर्गमीटर के क्षेत्रफल में प्रथम तल के निर्माण हेतु निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग द्वारा 49.63 लाख रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। जिसके अंतर्गत 105 मानसिक विकृत एवं विमंदित लोगों के लिये आश्रम हेतु निर्माण कराया जायेगा।

सभापति महेन्द्र बोहरा ने बताया कि अपना घर आश्रम की सफलता एवं इससे मिल रहे पीड़ित लोगों को राहत व लाभ को देखते हुए इसके विस्तार हेतु प्रथम तल बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। जिससे की ऐसे लोगों को अधिक से अधिक राहत पंहुचाकर उन्हे स्वस्थ कर पुनः अपने परिवार के साथ रहने हेतु भेजा गया। अपना घर आश्रम की क्षमता को दुगुनी करने के लिए नगर परिषद् ने अपना घर विस्तार की योजना बनाई एवं इस योजना को राज्य सरकार से पारित कराया। इसके निर्माण सम्बधित आवश्यक कार्यवाही शीघ्र ही प्रारंभ की जायेगी।

सभापति महेन्द्र बोहरा ने बताया कि पाली शहर में नगर परिषद् द्वारा निर्मित **अपना घर आश्रम** में पूरे भारत वर्ष से विमंदित व विकृत व्यक्ति जो कि राजमार्गो के किनारों में घुमते हुए ,विचरण करते हुए ,नगरो–महानगरों व अन्य रास्तो में भटकते हुए व्यक्तियों को अपना घर रजिस्टर्ड संस्था में अपना घर की सेवा समिति द्वारा लाकर इन विमंदित व विकृत व्यक्तियों को प्रभु नाम दिया जाकर इनकी पूरी सेवा सुश्रुषा की जाती हैं ।

सभापति महेन्द्र बोहरा ने बताया कि 02 अक्टूम्बर सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ति एवं गांधी मूर्ति सर्किल पर आदमकद मूर्ति पर प्रातः 08.00 बजे माल्र्यापण, सर्वधर्म सभा एवं रामधुन के साथ श्रद्धा–सुमन अर्पित कर उन्हे याद किया जायेगा। साथ विभिन्न चौराहों पर स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता झांकियां एवं रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया जायेगा। इस प्रकार गांधी मूर्ति पर माल्र्यापण के पश्चात् नगर परिषद् टाउन हॉल स्थित पंडित लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ति पर उनकी आदमकद मूर्ति पर भी माल्र्यापण किया जायेगा।

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति अध्यक्ष एवं उपसभापति मूलसिंह भाटी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत गांधी जयन्ति पर विभिन्न स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा शहर चौराहो, सर्किलों आदि स्थानों पर स्वच्छता संबंधी रंगोली बनाकर प्रदर्शित की जायेगी।

स्वच्छ भारत मिशन के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष मे आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 02 अक्टूम्बर गांधी जयन्ति के उपलक्ष में शाम को नगर परिषद् ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया ।

सभापति महेन्द्र बोहरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में लोढा स्कूल, बालिया स्कूल, बांगड़ स्कूल एवं स्टेअप डांस स्कूल इत्यादि के स्कूली बच्चो के द्वारा देशभक्ति, गांधी जी के जीवन पर आधारित एवं खुले में शौच मुक्ति पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। यह कार्यक्रम सरस्वती स्तुति के साथ शुरू हुआ। इसमें सामूहिक नृत्य, थीम डान्स, राजस्थानी नृत्य आदि प्रस्तुतयां दी गई।




आगामी दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद् द्वारा मुख्य मार्गो व बाजारों की विशेष सफाई अभियान सोमवार 09 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2017 तक सड़कों पर पड़े कचरा, मलबा आदि हटाया जाकर विशेष सफाई, कन्टीली झाड़ियां को कटवाना, पेचवर्क आदि कार्य किये जायेगें।

नगर परिषद् पाली–मारवाड़

राजस्थान

स्वच्छ पाली–स्वस्थ पाली